**खबर संक्षेप**

### संविधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तावना का वाचन



**मैहर।** संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के द्वारा समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं,बल्कि देश की मूल भावना,नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का आधार है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से संविधान के आदर्शों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता-को अपने आचरण और कार्यशैली में अपनाने को कहा।

# बस ने 7 साल की मासूम को कुचला पैर बुरी तरह ज़ख्मी, जबलपुर रेफर

**सतना।** रीवा रोड पर बुधवार दोपहर सतना स्मार्ट सिटी की बस के पहिए के नीचे आने से 7 वर्षीय मासूम बच्ची श्रष्टि गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची का पैर बुरी तरह कुचल गया है। नाजुक हालत को देखते हुए उसे तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। परिजन और स्थानीय लोगों ने बस चालक की लापरवाही पर जमकर हंगामा किया,जिसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर बस को ज़ब्त कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।



### लापरवाही से हुआ भीषण हादसा

यह दर्दनाक घटना कारगिल ढाबा के पास हुई। टिकुरिया टोला निवासी श्रष्टि गुप्ता अपने पिता के साथ रामपुर बघेलान से सतना लौट रही थी। जैसे ही बस कारगिल ढाबा के पास रुकी,पिता और पुत्री नीचे उतरे। आरोप है कि बस ड्राइवर की घोर लापरवाही के कारण,बस बिना इंतज़ार किए अचानक आगे बढ़ गई। इस दौरान,बच्ची श्रष्टि बस की चपेट में आ गई और उसका पैर बुरी तरह कुचल गया।

### लोगों का फूटा गुस्सा,पुलिस ने संभाला मोर्चा

हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। बच्ची के परिजनों और स्थानीय निवासियों ने क्रोधित होकर ड्राइवर की मनमानी के ख़िलाफ़ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने किसी तरह आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से बस चालक को पकड़ लिया और दुर्घटनाग्रस्त बस को भी जब्त कर लिया गया है।

### नाजुक हालत में जबलपुर रेफर

गंभीर रूप से घायल श्रष्टि गुप्ता को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। बच्ची की अत्यंत नाजुक हालत को देखते हुए,उसे उच्च इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। बच्ची के परिवार वाले इस जानलेवा लापरवाही के लिए बस चालक पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।



## डीआईजी ने ली परेड की सलामी,वार्षिक निरीक्षण किया



**सतना।** रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत सिंह चौहान ने सिविल लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी ली और वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कप्तान हंसराज सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। परेड के दौरान बलवा ड्रिल का आयोजन भी किया गया। डीआईजी श्री चौहान ने सतना पुलिस को मिली नई गाड़ियों का निरीक्षण किया,साथ ही पुलिस लाइन,आर्म्स शाखा और स्टोर शाखा का भी निरीक्षण किया।

**समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन**

डीआईजी श्री चौहान ने पुलिस लाइन में दरबार लगाकर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सामूहिक समस्याएं भी सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। बताया गया है कि उन्होंने अच्छे परेड के लिए सतना पुलिस की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# सतना और चित्रकूट में हुए भीषण सड़क हादसेः तीन लोगों की मौत, कई यात्री बाल-बाल बचे

### चित्रकूट-गोदावरी मोड़ के पास बस दुर्घटना

**सतना।** चित्रकूट के गोदावरी मोड़ के समीप घाट पर एक भयंकर हादसा हुआ,जिसमें एक बस चकनाचूर हो गई। यह दुर्घटना बालू से लदे ओवरलोड ट्रक की टक्कर से हुई।अच्छी खबर यह है कि बस में सवार यात्री बाल-बाल बचे। सूत्रों के अनुसार,टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

### सतना-चित्रकूट बगदरा घाटी में भिड़ंत

सतना में चित्रकूट बगदरा घाटी के पास एक ट्रक और बस की भिड़ंत हो गई। बताया गया है कि यह हादसा ओवरटेक करने के चलते हुआ,जहाँ ट्रक ने बस को ठोकर मार दी। इस घटना में यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं,जबकि बस चालक मौके से फरार हो गया।


सिंहपुर चौराहे पर स्कार्पियो की टक्कर से तीन की मौत

सतना के सिंहपुर थाने के अंतर्गत आने वाले सिंहपुर चौराहे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। नागौद-कालिंजर मार्ग पर हुई इस घटना में एक स्कार्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी,जिससे बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर सवार चार लोगों में से पिता,पुत्र और भतीजे की मौत हो गई। मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल है। 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि गंभीर घायल पत्नी और एक अन्य घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो वाहन लेकर चालक फरार हो गया। सिंहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।





# चलती ट्रेन में चोरी की कोशिशः रीवा-रानी कमलापति ट्रेन में तीन चोरों को यात्रियों ने पकड़ा, जमकर पीटा; मैहर स्टेशन पर कूदकर हुए फरार



**सतना। रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट ट्रेन में 21 नवंबर को यात्रियों ने बहादुरी दिखाते हुए चोरी की कोशिश कर रहे तीन शातिर युवकों को रंगे हाथ पकड़ा और उनकी जमकर पिटाई करदी। हालांकि ,ये तीनों युवक मैहर स्टेशन पर चलती ट्रेन से कूदकर भागने में सफल रहे। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

### चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गए

यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार,ट्रेन यात्रा के दौरान कोच में सवार कुछ लोगों का कीमती सामान चुराने की कोशिश की जा रही थी।इसी दौरान,एक यात्री ने एक युवक को चांदी की चेन चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके तुरंत बाद,अन्य यात्रियों ने मिलकर इस गिरोह के बाकी दो साथियों को भी पकड़ लिया।



### गंज बसौदा के निवासी बता रहे थे आरोपी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पकड़े जाने पर तीनों आरोपी खुद को गंज बसौदा का निवासी बता रहे थे। यात्रियों ने उनसे चोरी किया गया सामान मौके पर ही बरामद कर लिया। गुस्से से भरे यात्रियों ने कानून के हवाले करने से पहले तीनों को सबक सिखाते हुए उनकी जोरदार पिटाई की। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि यात्री किस तरह तीनों युवकों को घेरकर मार रहे हैं।



### चलती ट्रेन से कूदकर भागे चोर

तीनों युवकों की जान उस वक्त बची जब ट्रेन मैहर स्टेशन पहुंची।खुद को यात्रियों के गुस्से और मार से बचाने के लिए,उन्होंने मौका देखा और चलती ट्रेन से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए तुरंत फरार हो गए। बताया जा रहा है कि इस घटना के संबंध में राजकीय रेलवे पुलिस में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।यही वजह है इस पूरे मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। यह घटना चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा और सतर्कता के महत्व को उजागर करती है।

## अवैध लकड़ी सप्लाई पर वन विभाग की दबिश

**मैहर।** मैहर के सरला नगर क्षेत्र में बिना नंबर के ट्रैक्टर से महीनों से कथित रूप से लकड़ी की सप्लाई होती रही,लेकिन वन विभाग पर कार्रवाई न करने के आरोप लगते रहे। स्थानीय लोगों के विरोध और मीडिया को सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम टाल-जो कटनी रोड की ओर स्थित है पर पहुंची और एक ट्रैक्टर जप्त किया। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या विभाग जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई करेगा या मामला फिर कथित लेन-देन में दबा दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने अवैध परिवहन पर सख्त कदम की मांग की है।



# ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ निकली श्री राम की बारात शोभायात्रा

**मैहर।** मां शारदा की धार्मिक नगरी मैहर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जानकी विवाह महोत्सव की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई जिसमें विभिन्न मठों के संत महात्माओं के साथ साथ सतना सांसद गणेश सिंह एवं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने शामिल हुए। ज्ञात हो कि यह विशाल शोभायात्रा विगत 14 वर्षों से नितिन ताम्रकार के संयोजकत्व में राम-जानकी भक्त मंडली कटरा बाजार द्वारा निकाली जाती है। पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी एवं बैनरों से सजाया गया है।10दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा एवं धार्मिक कार्यक्रम बड़ा अखाड़ा में चलेंगे। शोभा यात्रा की शुरुआत महंत श्री श्री 108 श्री सीता बल्लभ शरण जू महराज द्वारा भगवान के पूजन अर्चन के साथ शुरू हुई,बारात दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से किला पंहुची जहां महाराज कुमार अच्क्षय राज सिंह द्वारा भगवान श्रीराम जानकी एवं ठाकुर जी एवं संत महात्माओं का पूजन-अर्चन कर बारात की रवानगी की गई शोभायात्रा रहीम चौराहा से पुरानी बस्ती से घंटाघर से कटरा बाजार से रेलवे स्टेशन से एसबीआई चौराहा होते हुए चंडी देवी मंदिर में समाप्त हुई। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,नपाध्यक्ष श्रीमती गीता सोनी नपा उपाध्यक्ष शीतल ताम्रकार,धीरज महाराज संतोष सोनी,नितिन ताम्रकार,विकास तिवारी,संजय राय,धर्मेश घई,विश्वनाथ चौरसिया,अशोक चौबे, सत्यभान सिंह,सूर्य प्रकाश चौरसिया,प्रिंस शर्मा,सुरेश तिवारी,कुलदीप तिवारी,सतीश मिश्र,विवेक ताम्रकार,महेश चौरसिया,विकास बढ़ोलिया,पवन दुबे,अजीत प्रजापति,सुरेश अग्रवाल,दुर्गा गुप्ता, सुदामा प्रजापति,श्रीमती मणिदीप तिवारी,श्रीमती जयंती तिवारी,श्रीमती ज्योति,इंदू श्रीवास्तव द्वारा भगवान की पांवपखरी एवं आरती पूजन के बाद बारात का समापन हुआ।अंत में प्रसाद वितरण हुआ।



**ये रहे आकर्षण का केंद्र**

बारात में बग्घियों की लंबी कतारों में विराजमान साधू संतों के अलावा बारात पर इंदौरी तोपों से पुष्प वर्षा,राधा कृष्ण नृत्य,नरसिह भगवान,जबलपुर की प्रसिद्ध धमाल बैंड,विशालकाय हनुमान जी, विशालकाय गोरिल्ला की जोड़ी एवं मेरठ से आई मोर टोली का आकर्षक नृत्य के साथ हजारों की संख्या में शामिल बाराती आकर्षण का केंद्र रहे। भव्य बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया पूरे शहर में संत महात्माओं एवं पुष्प वर्षा कर बारातियों का आत्मीय स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज, चौरसिया समाज,सोनी समाज,सिंधी समाज,सिख समाज,गुप्ता केसरवानी समाज,अग्रवाल समाज, व्यापारी संघ सहित सभी समुदायों ने बारात शोभायात्रा का स्वागत मिष्ठान हलुआ खीर इत्यादि से स्वागत किया। शोभायात्रा मार्ग के सभी रहवासियों ने घरों के बाहर रंगोली सजाकर कलश दीप जलाकर बारातियों एवं संत महात्माओं का स्वागत किया ।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसींवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढ़ाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाजारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साई आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- बिरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोंद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जनपद के बीआरसी भवन में मनाया गया संविधान दिवस

**संविधान उद्देशिका का किया गया वाचन, ली गई संविधान दिवस की शपथ**

**पवई।** प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस पर देश भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए,साथ ही संविधान की शपथ ली गई। इसी कड़ी में पवई जनपद पंचायत के बीआरसी भवन में जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया,संविधान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन करने के साथ उसका अनुपालन करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,जनपद सदस्य कमलेश तिवारी जमुना खटीक सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि पत्रकारगण मौजूद रहे। बता दें कि देश का संविधान संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को अपनाया था,जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ था। संविधान का दूसरा नाम राज्य का मूल कानून या मौलिक कानून भी कहा जाता है,क्योंकि यह किसी भी देश या संगठन के लिए बुनियादी सिद्धांतों और कानून का एक संग्रह होता है। भारत के संदर्भ में भारतीय संविधान इसका आधिकारिक नाम है, लेकिन इसे लोकतंत्र का संविधान या सर्वोच्च कानून जैसे अन्य नाम से भी जाना जाता है।

### पेंशन बहाल कराने के नाम पर वसूली, नयागांव पंचायत में दिव्यांग महिला से 350-400 रुपये लेने का आरोप, सचिव पर धमकाने की शिकायत



**पन्ना।** दिव्यांग महिला ने पंचायत सचिव पर वसूली व धमकाने के गंभीर आरोप लगाए। अजयगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत नयागांव में एक दृष्टिबाधित दिव्यांग महिला सुमित्रा लोध (उम्र 53 वर्ष) ने पंचायत सचिव अशोक कुमार गुप्ता, विकास श्रीवास्तव और पंचायत कार्यालय में बैठे रज्जू कोरी पर पेंशन बहाल कराने के नाम पर अवैध रूप से पैसे लेने, अभद्रता करने और धमकाकर भगा देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने कलेक्टर पन्ना को लिखित शिकायत भेज कर जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा लिए गए पैसे वापस दिलाए जाने की मांग की है।

#### क्या है पूरा मामला

दृष्टि बाधित सुमित्रा लोध कई वर्षों से दिव्यांग/ सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रही थीं, लेकिन फरवरी 2025 से उनकी पेंशन अचानक बंद कर दी गई। जानकारी मिलने पर जब वह पति के साथ पंचायत कार्यालय पहुँचीं, तो सचिव और ळतै ने नया दिव्यांग प्रमाणपत्र लाने को कहा। महिला ने जिला चिकित्सालय पन्ना से जुलाई 2025 में नया प्रमाणपत्र बनवाया और अगस्त 2025 में पंचायत कार्यालय दस्तावेज लेकर पहुँचीं। आरोप है कि उपलोक सेवा केंद्र के ऑपरेटर पुष्पेन्द्र कुमार ने सचिव और ळतै की सहमति से 350 रुपये लिए और कहा कि "अब पेंशन शुरू हो जाएगी। कई महीनों से 7-8 बार चक्कर लगाने के बावजूद पेंशन शुरू नहीं की गई। सचिव, ळतै और रज्जू कोरी धमकाकर कार्यालय से भगा देते हैं। महिला के पति की पेंशन चालू कराने के लिए 400 रुपये और वसूले गए. जब महिला के भाई ने आपत्ति उठाई, तो सचिव ने कहाकृ "मेरी पंचायत में हजारों दिव्यांग घूमते हैं, मैं सबका ठेका नहीं लिए हूँ।" भाई के पंचायत पहुंचने पर रज्जू कोरी ने अभद्रता की और अपमानजनक बातें कहीं।

**मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल की बैठक में एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में दी जानकारी



पन्ना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस मौके पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पन्ना जिले में संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत कार्य की अद्यतन प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया। उपस्थितजनों से महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त किए गए। राजनैतिक दलों से आवश्यक चर्चा कर पुनरीक्षण अवधि में आगामी गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे सहित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पवई समीक्षा जैन एवं गुनौर अनिल तलैया, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना अखिलेश प्रजापति तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती परमार ने बैठक में जानकारी दी कि पन्ना जिले में अब तक गणना प्रपत्र वितरण एवं डिजिटाईजेशन का लगभग 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आगामी तीन-चार दिवस में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। बताया गया कि 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में 7 लाख 76 हजार 76 मतदाता एवं 931 मतदान केन्द्र हैं। गणना प्रपत्र के संकलन व डिजिटाईजेशन के आधार पर आगामी 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर 8 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान मतदाता सूची में नवीन नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी सतत रूप से संचालित रहेगी। जिला कलेक्टर ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से घर-घर संपर्क एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने बूथ लेवल एजेन्ट के माध्यम से निरंतर आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की। इस दौरान जनजागरूकता गतिविधियों तथा विभिन्न संचार माध्यमों में नियमित प्रचार-प्रसार के संबंध में भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर ने पार्टी पदाधिकारियों द्वारा अब तक एसआईआर प्रक्रिया में मिले सहयोग के प्रति आभार जताया तथा बहुजन समाज पार्टी एवं आम आदमी पार्टी द्वारा बीएलओ-2 की शीघ्र नियुक्ति के संबंध में पुनः अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि बीएलओ के कार्य में सहयोग के लिए सहयोगी कर्मचारियों का दल बनाया गया है। एसआईआर के दौरान बगैर कारण के मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम नहीं कटने के संबंध में भी आश्वस्त करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण में केवल वास्तविक मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित की जाना है तथा गणना पत्रक में जानकारी भरकर प्रस्तुत करने वाले सभी मतदाताओं के नाम फोटो निर्वाचक नामावली में निरंतर रूप से रहेंगे।

# पांच वर्ष की गारंटी वाली सड़क 2 साल में हुई जर्जर



**जगह-जगह बने गड्ढे हादसों को दे रहे आमंत्रण**

**पवई।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की गांव गांव को शहरों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की संकल्पना पर देशभर में लाखों गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा गया और आज भी लगातार शासन प्रशासन के द्वारा गांव गांव में सड़कों की मरम्मत और गांवों में सड़क बनाने का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है, लेकिन अब इस तरह की पारदर्शी योजना भी भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। जी हां हम बात कर रहे हैं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पवई से सुनवारी, जयपालनगर होते हुए मुरकुछु तक बनाए गए लगभग 938 लाख रुपए की लागत से 22 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग जिसको बने हुए अभी दो वर्ष भी नहीं हुए हैं और सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क में जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं,जो हादसों और दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। ऐसे में सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठना लाजिमी है,जहां ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण के बाद 5 वर्ष की गारंटी दी जाती है और यह सड़क तो गारंटी होने के बावजूद खस्ताहाल हो चुकी है। इसका निर्माण कार्य महाप्रबंधक मध्य प्रदेश ग्राम सड़क योजना पी आई यू पन्ना के द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत किया गया। पवई से निकलते ही करही रोड पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है,फिसलन होने की वजह से कई बार मोटरसाइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त भी हुए हैं। वहीं अभिराज पहले से के पास में बना पुल जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिसकी वजह से आए दिन यातायात समस्या और दुर्घटना होती है।


# शाहनगर थाने में आज नागरिकों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाए गए



**पन्ना।** शाहनगर थाने में आज आयोजित कार्यक्रम में कई नागरिकों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस सौंपे गए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र हरदेनिया, राकेश सिंह और सोहन भिलाला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। थाना प्रशासन अब तक 37 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस कर चुका है। यह कार्य भारत सरकार के ब्म्प्त पोर्टल के माध्यम से चल रहे अभियान का हिस्सा है, जिसे पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। ब्म्प्त (ब्मदजतंस म्ुनपचउमदज प्कमदजपजल त्महपेजमत) पोर्टल की मदद से पुलिस को गुम हुए मोबाइल का प्डम्प् नंबर, मोबाइल नंबर, एड्रेस प्रूफ और उस मोबाइल का उपयोग कर रहे व्यक्ति की जानकारी प्राप्त हो जाती है। इससे चोरी या गुम मोबाइल को ट्रैक कर वापस दिलाने में काफी आसानी होती है। थाना प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तुरंत इसकी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ब्म्प्त पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा सके।


# संविधान दिवस पर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्र नगर में उद्देशिका वाचन एवं जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न





**देवेन्द्रनगर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में आज संविधान दिवस बड़े हर्ष एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संविधान की उद्देशिका (च्तमंउइसम) का सामूहिक वाचन रहा, जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने एक साथ उद्देशिका का उच्चारण किया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलन और पुष्पार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 नवम्बर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम दिन है यही वह दिन है जब हमारे संविधान को अंगीकार किया गया और भारत ने आधुनिक लोकतांत्रिक यात्रा प्रारम्भ की। उद्देशिका का सामूहिक वाचन कार्यक्रम के मुख्य आयोजन के रूप में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा स्टाफ ने एक स्वर में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। उद्देशिका वाचन का उद्देश्य संविधान के मूल मूल्यों को आत्मसात करना, नागरिक कर्तव्यों का बोध, अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूकता, राष्ट्र के प्रति समर्पण, उच्च स्वर में पढ़ी गई पंक्तियाँ "हम भारत के लोग*" ने सभागार में गरिमा और लोकतांत्रिक चेतना का वातावरण बना दिया। व्याख्यान एवं जागरूकता सत्र उद्देशिका वाचन के बाद प्राध्यापकों द्वारा संविधान के विभिन्न भागों, विशेषकर मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, और लोकतांत्रिक मूल्यों पर संक्षिप्त उद्बोधन प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, यह धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणतांत्रिक व्यवस्था का आधार है, और यह नागरिकों के अधिकारों की ही नहीं बल्कि कर्तव्यों की भी रक्षा करता है। प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। इसके सिद्धांतों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान का अध्ययन करने तथा अपने अधिकारों-कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामनरेश द्विवेदी द्वारा किया गया। आयोजन में डॉ. ध्रुवकुमार पाण्डेय, डॉ. शालिग्राम मिश्र, डॉ. दिनेश त्रिपाठी, श्री पी.एल. जयस सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गान किया और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम ने छात्रों में संविधान भावना, राष्ट्रप्रेम एवं लोकतांत्रिक चेतना को गहराई से जागृत किया।

# पन्ना-छतरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसा, एक की मौत, एक गंभीर घायल




**पन्ना।** पन्ना-छतरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार रात करीब 7:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार, घटना रात्रि करीब 7रू30 बजे पन्ना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मनोर पेट्रोल पंप के समीप हुई। मृतक की पहचान अर्जुन कुशवाहा (उम्र 28 वर्ष) पिता राम दयाल, निवासी रागौली के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम विकास कुशवाहा (उम्र 30 वर्ष) पिता दीना कुशवाहा है, जो देरी रोड छतरपुर का रहने वाला है। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सतना जीजा के भाई की शादी मे जा रहे थे, तभी पन्ना-छतरपुर नेशनल हाईवे पर कोतवाली थाना पन्ना क्षेत्र के ग्राम मनोर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्जुन कुशवाहा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा की तत्परता से घायल युवक को मिला समय पर उपचार हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस कोतवाली नरीक्षक रोहित मिश्रा की मदद से घायल विकास को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, प्राथमिक उपचार के बाद उसे पन्ना जिला अस्पताल से रीवा मेडिकल कॉलेज (श्याम शाह मेडिकल कॉलेज, रीवा) रेफर कर दिया गया है।

#### पुलिस कार्रवाई

मृतक अर्जुन कुशवाहा के शव का पोस्टमार्टम पन्ना जिला अस्पताल में कराया गया। कोतवाली पन्ना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक को तत्काल पकड़ लिया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। यह दुर्घटना एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा उपायों और तेज रफ्तार वाहनों के कारण होने वाले जानलेवा हादसों की ओर ध्यान आकर्षित करती है।



# पहलाद चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनकर भाव विभोर हुये श्रोता

पन्ना।

पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 23, चीमट मोहनपुरवा में महिला भजन मंडली द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का धार्मिक आयोजन धूमधाम से चल रहा है। 23 नवंबर को शुरू हुई यह कथा 30 नवंबर तक चलेगी, जिसमें धर्म की गंगा बह रही है। कथा व्यास श्री पंकज कृष्ण शास्त्री जी महाराज अपने सुमधुर स्वरों और संगीतमय शैली में भागवत कथा का वाचन कर रहे हैं, जिसका स्थानीय श्रद्धालु भाव-विभोर होकर आनंद ले रहे हैं। आज, 26 नवंबर को कथा के चतुर्थ दिवस पर, शास्त्री जी ने प्रह्लाद चरित्र और भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कृष्ण जन्म के प्रसंग पर पंडाल में उपस्थित महिलाओं ने खुशी से झूमते हुए खूब नृत्य किया और उत्सव मनाया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल है।

# संविधान दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हम सभी को संविधान की जानकारी होनी चाहिए इसलिए हमे सबको संविधान की पुस्तक जरूर पढ़ना चाहिए जिससे हमें अपने अधिकारों का ज्ञान हो पाए - बखत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी अजयगढ़**

पन्ना।



अजयगढ़ के ग्रामीण अजीविका परामर्श केंद्र भवन मे आज संविधान दिवस के अवसर पर आज एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का प्रारम्भ आये हुए अथितियों द्वारा माता सरस्वती व राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा मे माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके की गई। इसके उपरांत आये हुए सभी अथितिओ का स्वागत किया गया।स्वागत के उपरांत आये हुए अथितियों ने अपना अपना सम्भोदन दिया।अपने सम्बोधन मे थाना प्रभारी बखत सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा की हम सभी को संविधान की जानकारी होनी चाहिए इसलिए हमे सबको संविधान की पुस्तक जरूर पढ़ना चाहिए जिससे हमें अपने अधिकारों का ज्ञान हो पाए। हमारी पुलिस भी उसी संविधान के नियमो का पालन करती है।पूर्व सरपंच भैयाराम ने कहा की शासन के द्वारा निरंतर समाज से गरीब अमीर सहित जाति गत भेदभाव को मिटाने की बात कही गई पर शायद आज भी निचले स्तर पर ये जारी नहीं हो पाया।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एसडीएम आलोक मार्को,सयुक्त संचालक बी डी रजक,थाना प्रभारी वखत सिंह,बीओ नंदपाल सिंह,समर्थन से ज्ञानेंद्र तिवारी,राजकुमार मिश्रा,रीता शर्मा,प्रदीप पीढ़ीहा, विकास मिश्रा,पूर्व सरपंच कल्याणपुर भैयाराम अहिरवार, हलकी बाई पंच,चतुरेश सेन, समाजसेवी गर्जन सिंह सहित, समर्थन संस्था के पंचायत मित्र सोनू खरे सहित कई अन्य पंचायत मित्र ,ग्रामो के सरपंच पंच उपसरपंच सहित कई अन्य शामिल रहे।

**शादी में शराब पार्टी से हुआ हादसा**

# पहले बोलेरो की टक्कर से टूटा विद्युत का तार फिर ट्रैक्टर ड्राइवर को लगा करंट तो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर घुसा नाले में



**पन्ना।** अजयगढ़ के तहसील तिराहे के पास आज 26 नवम्बर को तड़के सुबह एक गंभीर हादसा टल गया। जब एक एक ट्रैक्टर चालक को लाइट का करंट लगने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खम्बे मे लगता हुआ नाली मे घुस गया। घटना में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बचा। घटना के बारे मे जानकारी देते हुए मुकेश यादव ने बताया कि तड़के सुबह करीब 4 बजे कुछ लोग पास में ही हो रही शादी समारोह में आये थे जो अपनी बुलेरो कार में शराब का सेवन कर रहे थे। जब सभी बुलेरो कार लेकर जाने लगे तो बोलोरो वाहन मुख्य मार्ग मे लगे 11 हजार केवी के खम्बे से टकरा गया जिससे एक लाइट का तार टूट कर झूलने लगा जिसमे करंट था। इतने में बालू से लदा एक ट्रैक्टर ट्राली आया जिसके चालक को मुकेश के द्वारा बताया गया कि तार मे करंट है आप वाहन न निकाले पर इसके वावजूद ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक जबरजस्ती वाहन निकाला जिससे उसे करंट का झटका लगा और ड्राइवर गाडी से बाहर गिर गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खम्बे मे लगता हुआ नाली मे गिर गया। इतनेमे करंट का तार मुकेश के घर के चारो तरफ फ़ैल गया। इसके बाद लोगों ने विद्युत विभाग को फ़ोन करके लाइट बंद कराई गई और घटना कि जानकारी अजयगढ़ पुलिस को दी गई। घटना के समय परिवार बहुत डरा हुआ था। बतादें कि अजयगढ़ के मुख्य मार्ग मे निरंतर वाहनों के निर्धारित तरीके के न लगने से जाम सहित हादसे कि संभावना बनी रहती है। जहाँ बस स्टैंड से लेकर जय स्तम्भ चौराहे तक तो निरंतर छोटे वाहनों दुकानों के सामने खड़े वाहनों सहित टेम्पो टेक्सी ई रिक्सा के व्यवस्थित न लगने से गंभीर हादसे कि संभावना बनी रहती है।

**100 दिवसीय अभियान को लेकर 50 ग्रामों में चलाया जायेगा अभियान**

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्वयं सेवकों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**अजयगढ़।** अजयगढ़ के तहसील परिसर मे स्थित भवन मे संकल्प समाजसेवी संस्था द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के तत्वाधान मे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय अभियान के तहत स्वयंसेवको के उन्मुखीकरण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया।कार्यक्रम के मुख्य अथिति अनुविभागीय अधिकारी आलोक मार्को,थाना प्रभारी बखत सिंह के साथ साथ संकल्प समाज सेवी संस्था के सचिव सन्देश बंसल,संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी,जन अभियान परिषद के किशन कुशवाहा, महिला बाल विकास से सुपरवाइजर प्रज्ञा त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आये हुए अथितियों के द्वारा अपने आसपास बाल विवाह को रोकने को लेकर आये हुए स्वयं सेवको को कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम मे आये हुए स्वयंसेवक द्वारा अपने कई सवालों को उठाया गया जिसका जवाब आये हुए अथितियों द्वारा दिया गया।इनके द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के द्वारा 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है।इसके बाद आये हुए स्वयंसेवको को बाल विवाह रोकने को लेकर एक सपथ दिलाई गई और बताया गया की बाल विवाह को रोकने के लिए हेल्पलाइन 1098 के साथ साथ पुलिस सहायता के लिए 112 पर सम्पर्क कर सकते है।सपथ के उपरांत एक रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।कार्यक्रम के बाद आये हुए स्वयंसेवको को बाल विवाह की जागरूकता जन जन तक पहुंचाने व 27 नवम्बर को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लोगो के एक वर्ष पूरे होने पर अभियान के अनर्गत आने वाले 50 ग्रामो सहित पन्ना कलेक्टर व महिला बाल विकास विभाग के साथ एक केंडिल मार्च के आयोजन के लिये कुछ सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम मे समन्वयक राजेंद्र विश्वकर्मा,मनोज सिंह गौर सहित संस्था के कई अन्य कर्मचारी व बड़ी संख्या मे विभिन्न ग्रामो से आये हुए स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मन्नी ख़रिवा मोड़ सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार के नाम सौंपा ध्यान आकर्षण पत्र

अमान गज पन्ना



पन्ना जिले के बमुराहा से मन्नी ख़रिवा मोड़ तक लगभग दो किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्राम बमुराहा के ग्रामीणों ने आज बुधवार दोपहर 3 बजे तहसीलदार अमानगंज के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यह मार्ग कच्चा और जर्जर पड़ा है, जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमारों और महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान यह सड़क पूरी तरह से दलदल में बदल जाती है। कई बार शिकायत के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर लोगों में नाराज़गी है।ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 08 सितंबर 2025 को भी रास्ते की बदहाल स्थिति को लेकर आंदोलन किया गया था, जिसके बाद अधिकारियों ने निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 01 दिसंबर 2025 तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता है, तो वे पुनः धरना-प्रदर्शन व उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसके चलते किसी भी प्रकार की स्थिति निर्मित होने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्ञापन पर ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

# प्रताप सागर तालाब निजी संपत्ति है, वाटर स्पोर्ट्स का ठेका निरस्त करने पूर्व विधायक ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

**छतरपुर।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई में उस समय लोग अचम्भित रह गए, जब कांग्रेस के पूर्व विधायक कुंवर विक्रम सिंह नातीराजा को एक आवेदन देकर प्रताप सागर तालाब में बाटर स्पोर्ट का दिए गए ठेका को निरस्त करने की मांग करनी पड़ी। पूर्व विधायक कुंवर विक्रम सिंह नातीराजा ने जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में बताया है कि प्रताप सागर तालाब छतरपुर उनके स्वत्व व आधिपत्य का है लेकिन मृणिकर्णिका बाटर स्पोर्ट टूरिसटी झांसी को जल क्रीड़ा गतिविधी हेतु स्वीकृत दे दी गई है, जिसे निरस्त किया जाना चाहिए। आवेदन ने पूर्व विधायक कुंवर विक्रम सिंह नातीराजा ने बताया है कि प्रताप सागर तालाब उनके दादा स्वर्गीय भवानी सिंह जू देव तनय विश्राथ सिंह जू देव निवासी छतरपुर के स्वत्व व आधिपत्य का है। उक्त तालाब छतरपुर नजूल सीट क्रमांक 37 सन 1976 में उनके दादा भवानी सिंह जू देव के नाम दर्ज है। छतरपुर



रियासत के विलीनीकरण के समय प्राइवेट संपत्ति की इनवेनटिजी मिनिस्ट्री ऑफ होम एफेयर्स के द्वारा तैयार की गई थी जिसमें प्रताप सागर तालाब को प्राइवेट संपत्ति माना गया है। इनवेनटिजी ऑफ प्राइवेट प्रोप्ट्री मिनस्ट्री ऑफ होम एफेयर्स द्वारा तैयार की गई है। प्रताप सागर तालाब खसरा नंबर 2814 रकवा 35.10 एकड़ शहर छतरपुर में स्थित है, जो पूर्व शासक छतरपुर की प्राइवेट संपत्ति मानी गई है। उक्त संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर के प्रकरण क्रमांक 2/अ-61/1961-62 में पारित आदेश दिनांक 11-9 1964 से स्पष्ट है। प्रताप सागर तालाब उनकी प्राइवेट संपत्ति है। जिसमें मध्यप्रदेश शासन का कोई दखल नहीं है, फिर भी उक्त तालाब को मर्णिकर्णिका बाटर स्पोर्ट टूरिस्ट्री झांसी को जल क्रीड़ा गतिविधी हेतु 24 अक्टूबर 2025 से दिया गया है। इसलिए इस आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अधिक बिलों से परेशान उपभोक्ता काट रहे विद्युत विभाग के चक्कर

**छतरपुर।** शहर में विद्युत विभाग की मनमानी के कारण आम उपभोक्ता इन दिनों भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। बिजली के अधिक बिल आने से परेशान उपभोक्ता बिलों में सुधार कराने के लिए लगातार विभाग के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वहाँ पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि खपत कम होने के बावजूद मनमाने तरीके से बिल भेजे जा रहे हैं और शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे उन्हें अपना काम छोड़कर बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बुधवार को विद्युत विभाग कार्यालय में कई उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर पहुँचे। बिजली के मनमाने बिलों से परेशान उपभोक्ताओं में से एक मईयादीन रजक ने बताया कि उनका बिजली का बिल 1200 से 1300 रुपए आ रहा है, जबकि उनके घर में बिजली की खपत बहुत कम है। उन्होंने बताया कि मनमाना बिल आने के बावजूद सुधार कराने के लिए वह कई बार विद्युत विभाग कार्यालय आ चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि वह मजदूरी करके अपना जीवन चलाते हैं और अपना काम छोड़कर यहाँ आए थे। इसी तरह, सुरेंद्र कुशवाहा नाम का युवक भी अपने बिल में सुधार के लिए विद्युत विभाग कार्यालय के कई दिनों से चक्कर काट रहा है। शिकायत करने के बाद भी उनके बिलों में सुधार नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग की इस लापरवाही से सभी उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, लेकिन वहाँ बैठे वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे उनकी शिकायतें लंबित पड़ी हुई हैं।

### ब्राह्मण समाज की बेटियों पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** बुधवार को स्थानीय अधिवक्ताओं के एक समूह ने एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज और उसकी बेटियों के खिलाफ कथित रूप से की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह टिप्पणी सामाजिक सद्भाव के विरुद्ध है और समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है। उन्होंने एसपी ऑफिस मे आवेदन देकर मांग की है कि कथित टिप्पणी करने वाले अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। दोपहर करीब 1:30 बजे स्थानीय अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर अजाक्स मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज और उसकी बेटियों के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि संतोष वर्मा, जो मध्यप्रदेश सचिवालय में किसी विभाग में अपर सचिव के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं, ने सार्वजनिक मंच पर ब्राह्मण समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है, जिससे समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं और सामाजिक सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में जोर दिया कि संतोष वर्मा की कथित टिप्पणी अपराधी मानसिकता को दर्शाती है और समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि इस मामले में तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## मोचियों को नगर परिषद ने पुराने बस स्टैण्ड से हटाया तो नगर परिषद के मुख्य गेट पर बैठ गए दुकान सजाकर



**छतरपुर।** जिले कि नगर परिषद लवकुशनगर ने पुराने बस स्टैण्ड से मोचियों को हटाकर नए बस स्टैण्ड में अपनी दुकानें लगाने के निर्देश दिए। लेकिन सभी मोंची एकजुट हो गए और नगर परिषद के इस आदेश का विरोध करते हुए बुधवार को नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट के सामने अपनी-अपनी बूट पॉलिश की दुकानें सजाकर बैठ गए। सभी मोंची हाथ में तख्यिां और बाबा साहेब अम्बेडकर की फोटो लेकर बैठे। नगर परिषद के कर्मचारियों ने मोचियों को मनाने का भी प्रयास किया, लेकिन वह नही माने इन सभी मोचियों को नेतृत्व वार्ड पार्षद रूबी जाटव के पिता बेनी जाटव कर रहें है। वह खुद गले में बाबा साहब की फोटो लटकाएं हुए है। और मांग है कि उन्हें अपनी गुमटी रखने के लिए जगह दी जाए। बिना किसी सूचना के वह पुराने बस स्टैण्ड स्वामी विवेकानंद पार्क के पास से हटाकर नए बस स्टैण्ड में भेजा जा रहा है। लेकिन नए बस स्टैण्ड में कोई व्यवस्था नही है। इससे उनकी रोजी रोटी प्रभावित होगी। मोचियों के इस अनोखे धरना प्रदर्शन से जहां नगर के लोग हतप्रभ है वहीं नगर परिषद के सीएमओं पूरे दिन अपने चेम्बर से बाहर नहीं निकले। मोंची संघ का कहना है कि हम लोंगो को दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराई जाए, नही तो हमारे परिवार के सामने आर्थिक संकट आ जाएगा। यह भी कहना है कि हम लोंगों ने हाईकोर्ट में भी रिप पीटीसन लगाई थी वहां से भी यह आदेश हुआ था कि इन लोगों को बस स्टैण्ड पर प्राथमिकता के आधार पर जगह उपलब्ध कराई जाए। लेकिन नगर परिषद द्वारा उनका आशियाना जप्त कर लिया गया और जब तक नगर परिषद जगह उपलब्ध नही कराती तब तक वह लोग नगर परिषद के गेट पर ही बैठे रहेंगे।

## माँ-बेटी के बीच थाने में हुआ हाई-वोल्टेज ड्रामा

### दोनों ने एक-दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप

**छतरपुर।** शहर के कोतवाली थाना में बीती रात एक अधिवक्ता लड़की और उसकी माँ के बीच भारी विवाद देखने को मिला। दोनों के बीच तीखी बहस, चीख-पुकार और हंगामा हुआ, जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। यह हाई-वोल्टेज ड्रामा उस वक्त हुआ जब माँ अपनी बेटी को जबरन घर ले जाने कोतवाली पहुँची थीं। वहीं लड़की, अपनी माँ, बहन और सौतेले पिता पर प्रताडन्ना, मारपीट और संपत्ति हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगा रही थी। इस विवाद के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात कोतवाली थाना में अधिवक्ता करुणा प्रताप और उनकी माँ आशा रानी के बीच भारी हंगामा और विवाद हुआ। बेटी करुणा ने अपनी माँ, बहन और सौतेले पिता पर प्रताडन्ना, मारपीट, सौतेला



व्यवहार करने, पिता की संपत्ति हड़पने और जबरन शादी कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए। उसने पुलिस को बताया कि वह स्वेच्छा से चौबे कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर वकालत कर रही हैं। वहीं, माँ आशा रानी का कहना था कि अधिवक्ता इम्तियाज़ ने करुणा को बहलाकर अगवा कर लिया है। विवाद के दौरान दोनों के बीच तीखी बहस और चीख-पुकार हुई। पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए और मामले की जाँच शुरू कर दी है। जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से जानकारी मिली है कि करुणा उनकी जूनियर हैं और नियमित रूप से कोर्ट आ रही हैं। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा के समर्थन में आगे आए हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन



**छतरपुर।** शहर में श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे परिसर में भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता का माहौल देखने को मिला, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस दौरान गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान श्रीराम और माता जानकी की भव्य झाँकी निकाली गई, जिसने रास्ते भर भक्तों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति और भक्तों ने इस पावन क्षण के साक्षी बनने के बाद विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान टौरिया के पीछे पठापुर रोड स्थित राम जानकी मंदिर में यह विवाह महोत्सव मनाया गया। चेतगिरी कॉलोनी स्थित रामकिशोर तिवारी के निवास से भगवान श्रीराम और माता जानकी की भव्य झाँकी गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकाली गई। भक्त बाराती बनकर नाचते-गाते चले, और यह दृश्य पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बना रहा। मंदिर पहुँचने पर, प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी डॉ. सेंगर द्वारा झाँकी और बारात का पारंपरिक स्वागत किया गया, जिसमें दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प वर्षा और वैदिक विधियों का प्रयोग हुआ। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और आकर्षक धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था, जिससे पूरा स्थान दुल्हन की तरह जगमगा उठा। बारात के आगमन के बाद मंदिर में श्रीराम-जानकी विवाह की प्रस्तुति की गई, जिसका आनंद शहर के अनेक परिवारों और भक्तों ने लिया। विवाह समारोह के उपरांत शहरवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## रात को हुई गोलीबारी, घायल युवक का इलाज जारी, पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पठापुर में पुराने विवाद को लेकर बीती रात दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प हो गई और इसी बीच एक युवक को गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू से जाँच की जा रही है, क्योंकि घटना में कुछ बिंदु संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पठापुर निवासी



राजू श्रीवास के पैर में गोली लगी है। घटना के बाद उसे पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है। पीड़ित राजू श्रीवास ने पुलिस को बताया कि पुराने जमीनी विवाद के चलते रात करीब 12:30 बजे उसके चचेरे परिवार का महेश, कल्लू, गजेन्द्र और एक अन्य युवक उसके घर पहुँचे और माँ के साथ मारपीट की। राजू के अनुसार, इसी दौरान आरोपियों ने उस पर गोली चला दी, जो उसकी जांघ में लगी। राजू ने यह भी बताया कि एक सप्ताह पहले उसके छोटे भाई का इन्हीं लोगों से झगड़ा हुआ था और उसी विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल ओरछा रोड थाना पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और घटना के सही कारणों की पड़ताल की जा रही है। वहीं पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मार्च 2026 तक माईनिंग कालेज का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेः गौरव बैनल



**सिंगरौली।** कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा आज तियरा में निर्माणाधीन माईनिंग कालेज का निरीक्षण किया। एवं चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन एकेडमी बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, छात्रावास सहित पुस्तकालय का अवलोकन कर भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुयें संबंधित संविदाकार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि गुणवत्ता के साथ कालेज का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किया जा सके। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य के प्रगति की जॉच करे तथा कार्य मे जितनी देरी हुई उसकी गणना कर संबंधित संविदाकार पर नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्यवाही करे।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को भी निर्देश दिए कि कार्य की लगातार मानीटरिंग करे तथा यह सुनिश्चित करे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूर्ण हो सके। निर्माण कार्य की माईक्रो प्लॉनिंग के साथ साथ उनके नियमित रूप से गुणवत्ता के संबंध में जॉच की जायें। यदि कार्य के प्रगति में किसी भी प्रकार अनिमितता मिलने पर संबंधित एजेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान पालीटेक्निक कालेज के प्राचार्य कैलाश तंतुवाय, कार्यपालन यंत्री प्रदीप चढ़ार, सहायक यंत्री तेजस्वनी शुक्ला उपस्थित रहे।

## अध्यायनरत छात्रों का किया उत्साहवर्धन, कहा आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की नींव हैः गौरव बैनल

### कलेक्टर ने किया मेडिकल कालेज का भ्रमण , छात्रों से किया संवाद

**सिंगरौली।** जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भ्रमण कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा किया जाकर मेडिकल कालेज के छात्रो से संवाद किया। कलेक्टर ने छात्रो का उत्साह वर्धन करते हुयें कहा कि आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण नीव है उन्होने कहा कि नीव अगर सही रहेगी तभी भविष्य में विकास संभव है इसलिए आप सब पूरे मनोयोग से पढ़ाई करे मेडिकल कालेज में जो भी कमिया है उन्हे शीघ्र ही दूर कराया जायेगा। साथ ही मेडिकल कालेज से संबंधित अन्य विकास कार्यो को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जायेगा। कलेक्टर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि चिकित्सा महाविद्यालय तक पहुच मार्ग सहित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने मेडिकल कालेज पहुचकर डीन सहित कालेज के प्राध्यापको से परिचय प्राप्त किया। एवं कालेज की व्यवस्थाओं तथा महत्वपूर्ण पहलुओ पर चर्चा की। तथा कालेज में निर्मित किए गयें कक्षो का अवलोकन किया एवं निर्देश दिया गया कि कालेज व्यवस्थाओ को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु जिन भी सामंग्रियो की आवश्यकता है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर उपलंब्ध कराया जायें। लैब, कैटीन एवं छात्रावास मेस में सभी व्यवस्था उपलंब्ध रहे ताकि अध्यायनरत छात्रो को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होने यह भी कहा कि कालेज परिसर में स्पोर्ट कम्पलेक्स एवं लायब्रेरी की व्यवस्था की जाये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के डीन को निर्देश दिए कि



कालेज सहित छात्रावासो में साफ सफाई व्यवस्था हेतु कर्मचारी तैनात करे। साथ ही गर्ल छात्रावास में महिला सुरंक्षा कर्मी की नियुक्ति सुनिश्चित की जायें।

कलेक्टर ने छात्रो के मेस का निरीक्षण कर छात्रो के दिए जाने वाले नास्ता भोजन की सामंग्रियो का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि छात्रो को उनकी डाईट प्लान के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन एवं नास्ता उपलंब्ध करायें। कलेक्टर ने कालेज परिसर में निर्माणाधीन 605 बेड क्षमता वाले चिकित्सालय निर्माण कार्य का अवलोकन किया। तथा संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के डीन द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया कि इस वर्ष मेडिकल कालेज 100 एमबीबीएस सीटो के साथ प्रारंभ किया गया है। उन्होने यह बताया कि छात्रो की ऑफ लाईन क्लास का आज दूसरा दिन है। भ्रमण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन, डॉ. आरडी दत्त, डॉ. राजवीर सिंह चौरसिया, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अरूणवा काली, डॉ. प्रशांत निगम सहित चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।



## एनटीपीसी विंध्याचल में संविधान दिवस पर जागरूकता रैली के साथ किया गया उद्देशिका का सामूहिक पाठ

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्याचल में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लेक पार्क से अम्बेडकर भवन तक निकाली गई संविधान जागरूकता रैली से हुई, जिसमें कर्मचारियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के उपरांत डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इसके उपरांत श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) द्वारा उद्देशिका का पठन अंग्रेज़ी में तथा श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेन्स एवं एडीएम) द्वारा हिंदी में किया गया। सामूहिक उद्देशिका पठन ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल आदर्शों के प्रति सभी की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।कार्यक्रम के दौरान 26 नवंबर 1949 को संविधान के ऐतिहासिक अंगीकरण को स्मरण किया गया, जिसने भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में परिभाषित किया तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित किया। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज की। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने इस अवसर पर अपने कर्मियों में संवैधानिक मूल्यों एवं नागरिक जागरूकता को और सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया।

## एनसीएल संविदा पर्यवेक्षकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कर रही आयोजन



**सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा एचओई कॉन्ट्रैक्ट्स के अंतर्गत नियोजित संविदा पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 24 नवंबर से 28 नवंबर, 2025 तक केंद्रीय उत्खनन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीईटीआई) सिंगरौली में आयोजित इन सत्रों का उद्देश्य खनन सुरक्षा, संचालन दक्षता और मानक प्रक्रियाओं के अनुपालन को सुदृढ़ बनाना है। इन प्रशिक्षण सत्रों के दौरान एनसीएल टीम और सीएमपीडीआईएल से योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को ओपनकास्ट खदानों में सामान्य सुरक्षा चूक एवं उनकी रोकथाम, सरफेस माइनर के सुरक्षित संचालन एवं उत्पादकता वृद्धि, सुरक्षित हॉल रोड डिज़ाइन—रख-रखाव एवं यातायात अनुशासन, सुरक्षित ओबी डंपिंग पद्धतियाँ एवं स्लोप स्टेबिलिटी, नेतृत्व व सुरक्षा संस्कृति (Zero Harm Mining Culture), तथा उपकरणों के सुरक्षित संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कार्यक्रम के पहले दिन एनसीएल निदेशक (तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह तथा निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), अशुतोष द्विवेदी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में सुनील प्रसाद सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों को खान अनुमति प्रक्रियाओं, खदान अधिनियम, CMR 2017, माइन रूल्स तथा वीटी रूल्स के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी के साथअशुतोष द्विवेदी ने सुरक्षित संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) एवं प्रैक्टिस कोड (COPs) अनुपालन के महत्व पर बल दिया। एनसीएल द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संविदा पर्यवेक्षकों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने और खनन कार्यों को अधिक सुरक्षित, मानकीकृत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## एनसीएल में मनाया गया संविधान दिवस

**सिंगरौली।** कंपनी मुख्यालय सहित सभी परियोजना व इकाइयों में कर्मियों ने किया भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन

बुधवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी के सीएमडी , बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार , निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, जेसीसी मेम्बर्स व एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष तथा कर्मियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी संविधान अंगीकार करने के 76 वर्ष पूरे होने के




उपलक्ष्य में भारत की एकता, अखंडता और प्रगतिशीलता के प्रेरक ग्रंथ 'संविधान' को समर्पित संविधान दिवस मनाया गया।गौरतलब है कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। 26 नवंबर, 1949 के दिन, भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया और 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू किया गया, जिससे भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। इसी कड़ी में सभी नागरिकों में संविधान के महत्व का प्रचार एवं प्रसार करने के लिए हर वर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है।

**खबर संक्षेप**

### दो बीएलओ को दिया गया कारण बताओ नोटिस

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने वाले दो बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा बृजेन्द्रनाथ पाण्डेय सहायक शिक्षक शा. पू. मा. वि. सकरवट एवं राजेन्द्र सिंह प्राथमिक शिक्षक शा.पू.मा.वि. कुशवार को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये हैं।

### 1195441 गणना पत्रक हुए डिजिटाइज्ड

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में 26 नवम्बर को शाम 6 बजे तक 1195441 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। कई बीएलओ ने अपने सभी मतदाताओं के गणना पत्रक संकलित करके शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। अब तक जिले में कुल 85.26 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में लक्ष्य का 87.13 प्रतिशत, सेमरिया में 89.80 प्रतिशत, त्योंथर में 87.24 प्रतिशत, मनगवां में 82.50 प्रतिशत, रीवा में 80.49 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 88.88 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 195777, सेमरिया में 205326, त्योंथर में 192613, मनगवां में 208063, रीवा में 182710 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 210962 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं वे अपने गणना पत्रक तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं। समय पर गणना पत्रक न मिलने से मतदाता सत्यापन से वंचित रह जाएंगे। वर्ष 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल हुई विवाहित महिलाएं अपने पिता, माता तथा दादा के नाम एवं निवास स्थान की जानकारी तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं, जिससे सत्यापन किया जा सके। मतदाता सूची के गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन 28 नवम्बर तक हर हाल में पूरा किया जाएगा।

### हर महीने गांवों में पहुंचेगा संभागीय अधिकारियों का दल

**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। अधिकारियों का दल एक साथ गांवों में पहुंचकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। साथ ही आमजनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए माह के पहले और तीसरे मंगलवार को बैठक में संभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों के आवेदकों से चर्चा करके प्रकरणों का निराकरण कराएंगे। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री द्वारा ली गई कलेक्टर कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की कलेक्टर ने की समीक्षा

**विभागीय अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश**

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जी द्वारा गत माह कलेक्टर कान्फ्रेंस में दिये गये निर्देशों का एजेण्डा बिन्दुवार पालन सुनिश्चित करें तथा विभागीय योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लायें।



रीवा ।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक व जैविक खेती के लिये बनाये गये क्लस्टर में किसानों को खेती के लिये प्रोत्साहित कर उपज की बाजार उपलब्धता के लिये पर्याप्त प्रचार प्रसार के निर्देश दिये। उन्होंने उद्यानिकी फसलों में आम, प्याज व टमाटर उत्पादन के लिये एफपीओ के माध्यम से प्रगति के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कामधेनु योजनान्तर्गत पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुओं को पालने व दुग्ध वृद्धि के लिये जागरूक करें तथा शेष गौशालाओं का निर्माण शीघ्र पूर्ण करायें। गौशाला निर्माण में विलंब होने पर नोटिस जारी करें। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को जिला पंचायत की स्वास्थ्य स्थाई समिति की बैठक नियमित कराने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने रीजनल इन्डस्ट्रियल समिट में प्राप्त प्रस्ताव पर संबंधित उद्यमियों को आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने एमएसएमई तथा प्रधानमंत्री आवास शहरी की प्रगति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ई अटेण्डेंस को अनिवार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन संकुल प्राचार्य के यहां प्रगति कम हो उनका वेतन आहरण न करें तथा शत प्रतिशत शिक्षकों के ई अटेण्डेंस लगवायें। बैठक में वृंदावन ग्रामों के चयन तथा छात्रावासों में पंजीयन की भी जानकारी कलेक्टर द्वारा ली गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजनाओं का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा कराये। इस दौरान अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक आशीष दुबे उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण स्वयंसेवी संस्था फेस के दल द्वारा दिया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए। फेस संस्था की प्रशिक्षक डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि हार्टअटैक होने पर कई बार रोगी की दिल की धड़कन और सांसे थम जाती हैं। सही तकनीक से तत्काल सीपीआर देने पर रोगी की जान बचाई जा सकती है। हर व्यक्ति को इसकी तकनीक का प्रशिक्षण लेना चाहिए। घर-परिवार, बाजार, कार्यालय अथवा कहीं भी यदि कोई व्यक्ति हार्टअटैक का शिकार होता है तो उसे सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। सीपीआर देने के बाद चिकित्सक से संपर्क करके रोगी का उपचार कराया जाना भी आवश्यक है। श्रीमती चतुर्वेदी ने बताया कि फेस संस्था लंबे समय से स्वास्थ्य जागरूकता और कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी, आमजन तथा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सभी धान खरीदी केन्द्रों में उपार्जन की पूरी व्यवस्था करें - कलेक्टर

**उपार्जन के तीन दिवस के भीतर किसान को भुगतान सुनिश्चित करें**



रीवा ।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन के प्रबंधों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि एक दिसम्बर से धान का उपार्जन शुरू हो जाएगा। सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त संख्या में बारदाने, धान की सफाई, तौल कांटे तथा भण्डारण की भी पूरी व्यवस्था करें। जिला प्रबंधक सहकारी बैंक शासन द्वारा निर्धारित किए गए ऐप में उपार्जन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दो दिवस में दर्ज करा दें। जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सभी केन्द्रों में कम से कम 20 दिन की धान खरीद के लिए बारदाने दो दिवस में उपलब्ध करा दें। खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर आपरेटर, हम्माल तथा अन्य मानव संसाधन की भी व्यवस्था करें। उपार्जन शुरू होने से पहले सभी धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक प्रबंध कर लें। कलेक्टर ने कहा कि धान की खरीद शुरू होते ही उसका तत्काल सत्यापन कराकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं। किसान को धान देने के बाद अधिकतम तीन दिवस में राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मध्यांचल बैंक के खाता संख्या और आईएफएससी कोड में परिवर्तन किया गया है। जिन किसानों ने मध्यांचल बैंक के पुराने बैंक खाते दिए हैं उनके बैंक खाते की जानकारी अपडेट करा दें। बैंक खाते में किसी भी तरह की कमी रहने पर भुगतान में देरी होगी। उपार्जित धान का भुगतान केवल आधार संख्या से जुड़े बैंक खाते में ही किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला विपणन अधिकारी शिखा वर्मा उपस्थित रहीं।

## संविधान दिवस पर केन्द्रीय जेल में आयोजित किया गया विशेष कार्यक्रम




रीवा ।

संविधान दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों एवं परिरुद्ध बंदियों की उपस्थिति में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया । जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को अंगीगार किया गया था, जिसके फलस्वरूप इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है । साथ-ही भारतीय संविधान के अनूठे स्वरूप, संविधान सभा का महत्व एवं योगदान, संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष एवं विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, श्याम सिंह कुशवाह सहायक जेल अधीक्षक सहित जेल में पदस्थ समस्त स्टॉफ की उपस्थिति सराहनीय रही ।



## कमिश्नर ने संविधान की उद्देशिका का किया वाचन

रीवा।

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में कमिश्नर बीएस जामोद ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को देश का संविधान अंगीकार किया गया था। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसमें मूल कर्तव्यों, मूल अधिकारों तथा प्रशासनिक, न्यायालयीन और लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़े सभी महत्वपूर्ण उपबंध समाहित हैं। संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनकल्याण का आधार है। संविधान के आधार पर ही देश में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका का संचालन होता है। हम सब अपने मूल अधिकारों का उपयोग करने के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करें। देश के विकास में सच्चे मन से योगदान दें। देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति योगदान दे। कार्यक्रम में संविधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर अधिकारियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त एलआर अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा कमिश्नर कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

### गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य दो दिन में पूरा करें - कमिश्नर

## कमिश्नर ने रीवा और मनगवां में किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



रीवा ।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने रीवा विधानसभा क्षेत्र तथा मनगवां विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का जायजा लिया। कमिश्नर ने रीवा विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 81, 82, 83 और 84 नेहरू नगर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 99 एवं 100 समान का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने मनगवां में मतदान केन्द्र क्रमांक 224 बेलवा पैकान तथा मनगवां में कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने अधिकारियों तथा बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य दो दिन में अनिवार्य रूप से पूरा करें। रात-दिन प्रयास करके भरे हुए आवेदन पत्र मतदाता से प्राप्त करके उसे डिजिटाइज करें। जो महिलाएं 2003 के बाद विवाहित होकर आई हैं उनकी पूरी जानकारी नहीं मिलती है तो उनके माता-पिता और दादा-दादी का नाम तथा निवास स्थान की जानकारी देकर उसे ऑनलाइन सर्च करें। एक स्थान पर बैठने से काम पूरा नहीं होगा। पूरी टीम घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। सभी सुपरवाइजर तथा एआरओ डिजिटाइजेशन पर पूरा ध्यान दें। कमिश्नर ने रीवा नगर निगम क्षेत्र में सबसे पहले शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ वरूण रैकवार एआरआई नगर निगम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कमिश्नर ने कहा कि जिन मतदान केन्द्रों में गणना पत्रक का संकलन कम है वहाँ अतिरिक्त कर्मचारी तैनात कर गणना पत्रक एकत्रित कराएं। डिजिटाइजेशन में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिन बीएलओ ने सही रणनीति से कार्य किया उन्होंने समय से पहले ही शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर लिया है। पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सहायक तथा बीएलओ मिलकर दो दिन में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करें। मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटाइजेशन का कार्य 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है। शहरी क्षेत्र में मतदाताओं के एक स्थान से दूसरे स्थान चले जाने के कारण कुछ कठिनाई आ रही है। इसे दूर करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तय समय सीमा में डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो जाएगा। निरीक्षण के समय आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, संयुक्त आयुक्त राजस्व एलआर अहिरवार, एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम मनगवां संजय जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गिरने लगा दिन और रात का तापमान, उत्तरी हवाओं का प्रभाव, मौसम शुष्क रहने पर और ठंड बढ़ने का अनुमान

रीवा।



जिले में बीते चार-पांच दिन से ठंड में कमी रही। आसमान में हल्के बादलों के होने से ठंड का असर कम हुआ। अब गत मंगलवार को आसमान लगभग साफ रहा। बादलों के न होने पर उत्तरी हवाओं का प्रभाव जिले में बढ़ता समझ आया। इस कारण दिन के समय भी जिले में हल्की गलन महसूस की गई। मौसम में आए इस बदलाव के कारण अब फिर से जिले में दिन और रात के तापमान में कमी देखने को मिलने लगी है। मौसम शुष्क रहने पर जिले में अब और ठंड बढ़ाने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। गौरतलब है कि इस वर्ष अक्टूबर माह के आखिरी दिनों तक वर्षा होती रही। मौसम साफ होने पर नवंबर के दूसरे सप्ताह से जिले में तेज ठंड बढ़ने लगी थी। करीब 10-12 दिन जिले में ठंड का कारवां बढ़ता ही रहा। इधर, पिछले चार-पांच दिनों से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बनने के कारण यह स्थिति बनी। आसमान साफ होते ही ठंड बढ़ी तो तापमान नीचे की ओर खिसकने लगा। बताया गया कि मंगलवार को दिन का तापमान बीते दिन से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम 25.5 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह, न्यूनतम तापमान गत दिवस की अपेक्षा 10 हि.से. की गिरावट के साथ 8.9 डि.से. पर कायम हुआ। तापमान में अगले दो-तीन दिन ऐसे ही कुछ और गिरावट आ सकती है।

## रीवा आई जी ने नईगढ़ी थाना का किया निरीक्षण




मऊगंज

संभाग पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव राजपूत ने पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एंव एसडीओपी सची पाठक की उपस्थिति मे नईगढ़ी थाना भवन का निरीक्षण किया, जहाँ नईगढ़ी थाना भवन को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था,नईगढ़ी थाना पहुंचने पर सर्वप्रथम थाना परिसर में 1- 4 की गार्ड द्वारा नईगढ़ी पुलिस द्वारा सलामी दी गई,उसके उपरांत आई जी रीवा ने पुलिस बल की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया, थाने के अंदर कक्ष कि साफ सफाई एवं दस्तावेजी रखरखाव को लेकर प्रधान आरक्षक एवं मददगार की उन्होंने सराहना की, एंव थाने में पंजीबद्ध अपराध नियंत्रण एवं कोरेक्स नशे को रोकने हेतु निर्देशित किया,इस दौरान आई जी ने समस्त थाना स्टाफ से मिलकर उनका हालचाल पूछा, उनकी परेशानियों के संबंध में जानकारी ली, जहां समस्त पुलिस स्टाफ ने अपनी बाते रखी, व समस्याओं से अवगत कराया ।